आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 26.05.2025 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

उपराष्ट्रपति मप्र

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एक जुट है. हमारी सेनाओं के पराक्रम के लिए पूरा देश गौरव महसूस कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये आतंकवाद को जो सबक सिखाया है उसका पूरा देश कायल है. श्रीमोदी ने बिहार की धरती से विश्व को सीधा सन्देश दिया है.

उपराष्ट्रपति आज मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम के शुभारम्भ सत्र को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने नरसिंहपुर जिले में करीब 116 करोड़ रुपये की लागत के 86 निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उप राष्ट्रपति और श्रीमती सुदेश धनखड़ ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री रोड शो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने और आधारशिला रखने से पहले वडोदरा में एक रोड शो किया। श्री मोदी की एक झलक पाने के लिए सडक के दोनों ओर लोग बडी संख्या में एकत्रित थे। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में रेलवे के लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र का उदघाटन किया। यह संयंत्र घरेलू और निर्यात के लिए नौ हजार हॉर्सपॉवर के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का उत्पादन करेगा।

पीएम-11 साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

सर्वदलीय शिष्टमंडल

कॉंग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान से चलाये जा रहे आतंकवाद से निपटने के लिए अब नया रुख अपना लिया है और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। श्री थरूर ने कल न्यूयॉर्क में एक सामुदायिक आयोजन में कहा कि अब ऐसे अपराधों का मूल्य चुकाना होगा। गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर वैश्विक राजनयिक संपर्क के लिये गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विश्व के विभिन्न देशों के दौरे पर है। भारतीय जनता पार्टी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन गए शिष्टमंडल ने वहां के उपप्रधानमंत्री शेख-खालिद-बिन-अब्दुल्ला-अल-खलिफा को सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद के बारे में बताया।

समाचार संक्षेप में...

1. जबलपुर स्टेशन पर रेलवे मेंटेनेंस के चलते कल से 30 मई तक रोजाना तीन घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण रानी कमलापति-आधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस को मदनमहल स्टेशन पर रोका और रवाना किया जाएगा।

2. बुरहानपुर जिले के बाकड़ी, सीवल और मंडवा गांवों में जिला पंचायत सीईओ लता शरणागत ने नाइट हाल्ट कर चौपाल लगाई। इस दौरान ग्रामीणों से मनरेगा और गंगाजल संवर्धन योजना पर चर्चा की गई।

3. सतना में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन मां मंदाकिनी नदी के सफाई अभियान में शामिल हुए।

4. शिवपुरी कोतवाली पुलिस के द्वारा यात्री बसों की चेकिंग का अभियान चलाया गया था। इस दौरान 6 बसों की चेकिंग की गई जिसमें तीन बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं मिला जिसके कारण उन पर जुर्माना लगाया गया।

5. आज सोमवती अमावस्या है। नर्मदापुरम में महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और वैवाहिक जीवन की सुख-शांति के लिए वट सावित्री व्रत किया जा रहा है।

नमस्कार।